# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.12.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, विभिन्न पंचायतों में सदस्यों और प्रधान के खाली पड़े पदों को भरने के लिए उप—चुनाव कराया जाएगा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- परिवहन विभाग की ओर से बसों की कमी को देखते हुए मध्योत्तर अंडमान में तत्काल बस उपलब्ध कराई गई है।
- अंडमान निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 'नशीली दवाओं का दुरुपयोग और नशामुक्ति' विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शिक्षा निदेशालय की ओर से विशेष देखभाल वाले बच्चों के लिए तेईसवां राज्य स्तरीय स्कूल खेल और आठवां राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, डिगलीपुर तहसील के पश्चिम सागर ग्राम पंचायत की पंचायत समिति के लिए, नबाग्राम ग्राम पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र नबाग्राम—एक में सदस्य, फरारगंज तहसील के होप टाउन ग्राम पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र—एक में सदस्य और मायाबंदर तहसील के पहलगांव ग्राम पंचायत में प्रधान के खाली पड़े पदों को भरने के लिए अगले वर्ष बारह जनवरी को उप—चुनाव कराया जाएगा। सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके चुनाव एजेंटों को आदर्श आचार संहिता तथा अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के नियमों के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। इस उप—चुनाव के दौरान संपत्ति विरूपन विनियमन या आदर्श आचार संहिता के किसी भी तरह की उल्लंघन की सूचना पंचायत एवं नगरपालिका चुनाव कार्यालय निदेशक को दिया जा सकता है।

<><><><><><><>

राष्ट्र आज उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, जिन्होंने तेईस साल पहले तेरह दिसंबर दो हजार एक को आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन सुरक्षाकर्मियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में संसद के सुरक्षा कर्मियों के अदम्य साहस और निःस्वार्थ सेवा का स्मरण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहादुरों का सर्वोच्च

बलिदान देश को सदैव प्रेरित करता रहेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। संसद के दोनों सदनों में भी संसद हमले के शहीदों को आज श्रद्धांजलि दी गई। दोनों सदनों के सदस्यों ने वीर सुरक्षा कर्मियों के सम्मान में मौन भी रखा। जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने कहा कि इस अवसर पर सदन आतंकवाद से दृढ़तापूर्वक निपटने की प्रतिबद्धता दोहराता है।

<><><><><><><>

लोकसभा में आज भारतीय संविधान के पचहत्तर वर्ष की शानदार यात्रा पर विशेष चर्चा शुरू हुई। चर्चा शुरू करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं को स्पर्श करते हुए राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त्र किया। उन्होंने कहा कि संविधान देश के सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति है।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग ने मध्योत्तर अंडमान में राज्य परिवहन की बसों की कमी को देखते हुए पांच और बसों को दूसरे इकाईयों से रंगत के एस टी एस इकाई में स्थानांतरित किया है और प्रतिदिन बसों के संचालन के बाद इनकी नियमित रखरखाव की जांच का निर्देश दिया है। डिगलीपुर, मायाबंदर, रंगत और बाराटांग में बसों की भारी कमी और यात्रियों को हो रही असुविधा को देखते हुए विभाग की ओर से तत्काल बस उपलब्ध कराई गई है। हटबे और कार निकोबार में भी विभाग की ओर से जल्द से जल्द बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा नई बसों की खरीद की योजना भी बनाई जा रही है, जिससे द्वीपसमूह के प्रत्येक ज़िले में यात्रियों को सुविधा मिल सके। इस संबंध में यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर वे स्थानीय एस टी एस कार्यालय या परिवहन विभाग के नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अंडमान विधि महाविद्यालय, के सहयोग से कल कॉलेज परिसर में 'नशीली दवाओं का दुरुपयोग और नशामुक्ति' विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा और न्यायमूर्ति उदय कुमार उपस्थित थे। अपने संबोधन में न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने लोगों और समाज पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों पर बल देते हुए एन डी पी एस अधिनियम के तहत नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के कानूनी परिणामों के बारे में जानकारी दी। न्यायमूर्ति उदय कुमार ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने में शिक्षा और जागरूकता की भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने नशा मुक्ति प्रयासों में शीघ्र हस्तक्षेप और सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर बल दिया और नशीली दवाओं की तस्करी और खपत से निपटने के लिए मौजूदा कानूनी तंत्रों की भी व्याख्या की। कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच पोर्ट ब्लेयर–सह–सदस्य सचिव और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के रजिस्ट्रार भवानी शंकर शर्मा ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने में एनडीपीएस अधिनियम के महत्व पर विस्तार से बताया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जिला न्यायाधीश सुधीर कुमार, लेफि्टनेंट अतिरिक्त जिला न्यायाधीश नेयाज़ आलम, लेफ्टिनेंट मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्कब्रती नियोगी के अलावा अन्य गणमान्य और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की ओर से विशेष देखभाल वाले बच्चों के लिए तेईसवां राज्य स्तरीय स्कूल खेल और आठवां राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सोलह से बीस दिसम्बर तक नेताजी स्टेडियम में चलने वाले प्रतियोगिताओं में सभी केन्द्रशासित प्रदेशों से एक हजार से अधिक प्रतिभागी और अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सोलह दिसम्बर को शाम तीन बजे किया जाएगा। समापन समारोह बीस तारीख को दोपहर ढाई बजे आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

अंडमान तमिज़ार संगम श्री विजयपुरम की ओर से कल प्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रामणिया भारती के जयंती के अवसर पर ''भारती–भारतीदासन विज़ा'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल शाम साढ़े चार बजे आरंभ होगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। बच्चों के लिए फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता और कॉलेज के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

<><><><><><>

क्यारी की ओर से वैज्ञानिकों द्वारा ननकौड़ी द्वीपसमूह के आदिवासी किसानों को वैज्ञानिक तरीके से कंद फसलों की खेती और इसके मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण दिया गया। केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आई. जयशंकर ने हाल ही में ननकौड़ी के छोटा इनाका, काकाना, पिलपिल्लो और हितुई गांवों का दौरा किया और आदिवासी किसानों के लिए "वैज्ञानिक तरीके से कंद फसलों की खेती और इसके मूल्य संवर्धन" पर क्षमता निर्माण पर जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान, उन्होंने कंद की विविधता और इसके संरक्षण के तरीकों, जैविक कंद फसल की खेती, कंद की खेती के लिए रोपण, कृषि संबंधी तरीकों, सुअर पालन के लिए कंद आधारित फ़ीड की तैयारी, शकरकंद आधारित उत्पाद तैयार करना, वैज्ञानिक तकनीक और जैविक अपशिष्ट प्रबंधन, कंद फसलों में एकीकृत कीट और रोग प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में कुल चार गांवों के एक सौ पचास से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस

अवसर पर किसानों को अंकुरित शकरकंद और टैपिओका सेट दिए गए। क्यारी के निदेशक डॉ. ई.बी. चाकुरकर के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन उत्सव मनाए जाने के एक भाग के रूप में पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से अट्ठाईस दिसंबर को दोपहर दो बजे से प्रदर्शनी मैदान में पेट्ट–शो का आयोजन किया जाएगा। इस शो में भाग लेने के इच्छुक पशु मालिक अपनी प्रविष्टियाँ नाम, संपर्क नम्बर, ईमेल, पशु का नाम, नस्ल, जन्मतिथि, लिंग, रंग, वजन और टीकाकरण रिकॉर्ड के विवरणों के साथ विभाग के मेल में भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए फोन संख्या नौ पांच तीन एक नौ छः तीन छः पांच पांच पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>